pan>

Title: Need to clean Malanga Nala following through Kaunch Nagar in Jalaun Parliamentary Constituency.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर के अंतर्गत एक जनपद झांसी की तहसील मोठ के अंतर्गत ग्राम लोहागढ़ के पास में ब्रिटिश सरकार के समय में एक करही बांध बनाया गया था जिससे किसानों को सिंचाई हेतु जल दिया जाता था। बरसात के समय जब यह बांध ओवरफ्लो करता है तो इसका पानी करीब 100 गांवों को प्रभावित करता है। इस मलंगा नाले से जो पानी निकलता है, वह कौंच नगर के बीचों बीच से निकलता है। जब भी यह बांध ओवरफ्लो होता है तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र में बाढ़ का रूप ले लेता है। उस बाढ़ के रूप की वजह से नगर के लोग प्रभावित होते हैं और क्षेत्रीय किसानों की फसल नष्ट होती है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि निश्चित ही कौंच नगर से जो मलंगा नाला निकलता है, उसकी सफाई की जाए। साथ ही साथ उसमें से पानी सुगमता से निकाला जा सके जिससे उसके आसपास रहने वाले किसानों को बचाया जा सके, नगर के नागरिकों के जान-माल की रक्षा की जा सके और जन-धन की हानि को बचाया जा सके जिससे वे लोग अपने फसल को बचा सकें और वहाँ नगर के लोग अपने जान-माल की रक्षा कर सकें।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।